तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 करोड़ों की लागत बनी नई सड़क फिर भी राहगीरों के लिए खतरनाक



## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सरगुजा की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सरगुजा के सदस्य सचिव एवं कार्यपालन अभियंता ने बताया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 21 अप्रैल को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित थी। अपहिर्य कारणों से उक्त बैठक पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टर कक्ष में आयोजित है। उन्होंने सभी सम्बन्धितों को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का नवीन कार्य विभाजन आदेश जारी

**अम्बिकापुर।** राजस्व विभाग के कार्यों में कसावट लाने के उददेश्य से कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीतापुर राम सिंह ठाकुर को अपर कलेक्टर अम्बिकापुर एवं जिला कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर रामराज सिंह को आबंटित किए गए समस्त कार्य का निर्वहन करेंगे। वहीं डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी लुण्ड्रा जेआर सतरंज को जिला कार्यालय में कलेक्टर के द्वारा सौंपे गये कार्य। अपर कलेक्टर एवं वरिष्ठ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय कुमार सोनी को वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी धौरपुर (लुण्ड्रा), पंजीयन लोक न्यास (रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट) धौरपुर (लुण्ड्रा) अनुविभाग का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर फागेश सिन्हा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीतापुर, पंजीयन लोक न्यास (रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट) सीतापुर अनुविभाग का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी उदयपुर बनसिंह नेताम को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर, पंजीयन लोक न्यास (रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट) अम्बिकापुर अनुविभाग, प्रभारी अधिकारी सिटी बस सोसायटी, अम्बिकापुर में कलेक्टर सरगुजा के प्रतिनिधि के रूप में नोडल अधिकारी, जिला सत्कार अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर अम्बिकापुर रामराज सिंह को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी उदयपुर, पंजीयन लोक न्यास (रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट) उदयपुर अनुविभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

### तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जारी आदेशानुसार तहसीलदार उमेश्वर सिंह बाज को अम्बिकापुर से मैनपाट एवं तहसीलदार श्रीमती तारा सिदार को मैनपाट से उदयपुर पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार विकास जिंदल को उदयपुर से अम्बिकापुर, तहसीलदार दरिमा अमन चतुर्वेदी को दरिमा से लखनपुर, तहसीलदार अंकिता पटेल को लखनपुर से बतौली एवं तहसीलदार बतौली सुश्री कमलावती सिंह को बतौली से दरिमा पदस्थ किया गया है।

## 24 घंटे के भीतर पारा में 0.9 डिग्री की गिरावट

# विक्षोभ के प्रभाव से बढ़ा बादलों का घनत्व गर्म हवा के थपेड़ों से लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले 10 दिनों से लगातार बढ़ रही गर्मी के रविवार को 41 डिग्री के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद सोमवार को कुछ राहत है। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले 24 घंटे के भीतर दिन के तापमान में 0.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी मौसमी घटकों के प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण आगामी 2-3 दिनों तक गर्मी से राहत रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

**खास बात**

- रविवार को भीषण गर्मी के साथ दिन का तापमान पहुंचा था 41 डिग्री

पिछले 10 दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। हालाकि मध्य एवं उत्तर छत्तीसगढ़ की तुलना में सरगुजा में अभी भी कमी गर्मी पड़ रही है लेकिन स्थानीय वातावरण की दृष्टि से गर्मी अभी से ही असामान्य हो गई है। हालत यह है कि सुबह होते ही धूप इतनी तेज हो जा रही है कि बाहर निकलना मुश्किल हो जा रहा है। दोपहर में गर्मी बढ़ने के कारण लोग बेहाल हो जा रहे हैं तथा घरों के भीतर भी कूलर एवं एसी में गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। पिछले चार दिनों से दिन का तापमान 39 डिग्री के आसपास रह रहा था जिससे गर्मी से कुछ राहत थी। शनिवार को भीषण गर्मी पड़ने के साथ बीच में गर्म हवाएं चलने से लोग बेहाल रहे। इस दौरान तापमान में वृद्धि होने की भी अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन मौसम की मेहरबानी बनी रही तापमान 40 डिग्री के नीचे स्थिर रहा। रविवार को सुबह 8 बजे से ही गर्मी में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई तथा शाम तक अधिकतम तापमान अपने 41 डिग्री के उच्च स्तर पर पहुंच गया। वैसे भी अप्रैल माध्य के बाद तापमान में बेतहाशा वृद्धि होती है तथा तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंच जाता है। मौसम विज्ञानी गर्मी को समान्य बता रहे है। इधर उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव पर शनिवार से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई है। शनिवार को आसमान पर ऊपरी स्तर के बाद सक्रिय थे जबकि रविवार को मध्य स्तर के बादलों की आवाजाही जारी रही। मौसम विज्ञानी एक दो दिनों में बादलों का घनत्व बढ़ने एवं तापमान के स्थिर होने अथवा आंशिक गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद एक बार फिर तापमान में वृद्धि होने के साथ ही गर्म हवा के थपेड़े चलने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी अब उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने पर ही मौसम में बदलाव आने एवं गर्मी से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे है।



भीषण गर्मी में शहर की सूनसान सड़क।

### ऐसे बढ़ रही गर्मी

दिन के तापमान में वृद्धि होने के बावजूद दो दिन पूर्व तक रात का तापमान सामान्य था तथा गर्मी से कुछ राहत थी लेकिन पिछले दो दिनों से रात के तापमान में भी वृद्धि हो रही है तथा तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री ऊपर पहुंच गया है। आने वाले दिनों में रात के तापमान में भी और अधिक वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। हालत यह है कि रविवार को सुबह 8.30 बजते ही तापमान 32 डिग्री एवं 11.30 बजे 38.0 डिग्री पहुंच गया था। दोपहर 2.30 बजे तापमान 38.4 एवं शाम 5 बजे 41.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके विपरीत शनिवार को सुबह 8.30 बजे 30.4डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

### नम हवाओं से मिलेगी राहत

मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में विदर्भ, उड़ीसा एवं गुजरात में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है वहीं पश्चिम एवं पूर्वी भारत में द्रोणिका सक्रिय है जिसके प्रभाव से आगामी दिनों में वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने की संभावना है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से तापमान के स्थिर रहने अथवा आंशिक गिरावट होने की संभावना जताई जा रही है। मौसमी घटकों के कमजोर पड़ने के बाद तापमान में फिर से वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

### अच्छे मानसून के लिए गर्मी जरूरी

दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय पर पहुंचने के लिए मौसम विज्ञानी गर्मी में वृद्धि होना जरूरी मान रहे है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि अच्छी गर्मी पड़ने पर भारत-पाकिस्तान की सीमा पर कम दबाव का क्षेत्र बनता है जो मानसून को भारत की ओर आकर्षित करता है। अच्छे मानसून के लिए गर्मी पड़ना जरूरी है। मानसून की गतिविधियां प्रारंभ होने के कारण अब खाड़ी में भी हलचल होगी।

### सक्रिय होगा नया विक्षोभ, छाए बादल

वर्तमान में उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ गया है। हालांकि सोमवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकली तथा शाम 5 बजे आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ गया। इस दौरान बलरामपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। शहर में भी हल्की बूंदाबांदी हुई है। इधर मौसम विज्ञानी दक्षिण भारत में सक्रिय प्रतिचक्रवाती संचरण के प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। उत्तर भारत में 23 अप्रैल को एक नया पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। विक्षोभ ताकतवर हुआ तो आगे भी मौसम को प्रभावित करेगा तथा बादलों की आवाजाही बढ़ने से गर्मी से राहत रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में मौसम में व्यापक बदलाव आने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

## हीट वेव की चेतावनीः स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी, दोपहर में घर से बाहर निकलने से बचें

जिले में लगातार बढ़ते तापमान एवं आगामी दिनों में हीट वेव की संभावित स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से विशेष सावधानी बरतने कहा है। अप्रैल एवं मई माह के दौरान तापमान में वृद्धि के साथ लू का प्रभाव बढ़ने की संभावना जताई गई है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सीएमएचओ ने लोगों से कहा कि वे अनावश्यक रूप से तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अत्यधिक आवश्यकता न होने पर घर से बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना आवश्यक हो, तो सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर ही निकलें।

सीएमएचओ ने बताया कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी तेजी से हो सकती है, इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के साथ-साथ ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। हल्के रंग के ढीले एवं सूती वस्त्र पहनना भी लाभदायक बताया गया है। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा पूर्व से बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। नोडल अधिकारी, जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य ने जानकारी दी कि लू लगना एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है, जो शरीर के अत्यधिक गर्म होने एवं तापमान नियंत्रण प्रणाली को प्रभावित होने के कारण होती है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, लाल व गर्म त्वचा, पसीना कम आना, सिरदर्द, चक्कर, घबराहट, कमजोरी, उल्टी तथा अचेतावस्था शामिल हो सकते हैं। उन्होने बताया कि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखाई दें, तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर लाकर ठंडा करने का प्रयास करें, ठंडे पानी की पट्टी रखें तथा होश में होने पर पानी या ओआरएस दें। गंभीर स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में लू से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु आवश्यक दवाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध हैं।



# अनियंत्रित कार बाकी डेम में घुसी सवार एक ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो कर बांकी डेम में जा घुसी जिससे कार डेम के पानी में डूब गई। वाहन सवार छह लोग किसी तरह बाहर निकल अपनी जान बचाई वहीं कार के गेट लॉक हो जाने एक ग्रामीण गंभीर हो गया। ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमाइया पारा निवास करीमन राजवाड़े आ. स्व. चेगड़े (45 वर्ष) शनिवार को गांव के ही छोटू सिंह के कार क्रमांक सीजी 15 सीएल 0397 से गुड्डु, सुखलाल उरांव, मोहन राजवाड़े, राहुल राजवाड़े सहित साथ लोग घूमने के लिए बांकी डेम गए थे। जैसे ही वाहन सवार डेम से लगे कच्ची सड़क से जा रहे थे तभी चालक छोटू सिंह वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सीधे डेम में जा घुसी और पानी में डूब गई। चालक सहित अन्य छह लोग किसी तरह पानी में डूबे कार से बाहर निकल की अपनी जान बचाई वहीं गेट लॉक हो जाने से करीमन वाहन में फंस गया। करीमन के बाहर नहीं निकलने पर उसके साथियों ने किसी तरह पानी में डूबे कार से उसे बाहर निकाला और उसे उसके घर लेकर चले गए। घर में करीमन का कपड़ा बदलने के बाद तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां आज सुबह उपचार के दौरान करीमन की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पहले पिकअप से ग्रामीण को मारी टक्कर फिर बाइक से कराया भर्ती, मौत

जिस पिकअप से ग्रामीण ने काम करने गया था उसी पिकअप के चालक ने न सिर्फ लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार बल्कि बाइक से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम रायकेला माझापारा निवासी बस्तु आ. बिरझू (54 वर्ष) रविवार को ग्राम केनापारा निवासी शोभा कुशवाहा के साथ उसके पिकअप से काम करने ग्रामी पलिया जशपुर गया था। उसी दिन शाम को वापस लौटा और केनापारा में उतर कर पैदल घर जाने लगा तभी पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्रामीण को टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पिकअप मालिक शोभा कुशवाहा ने बाइक से उसे तत्काल सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही घायल के परिजन को बताया कि बस्तु का बाइक से एक्सीडेंट हो गया है। परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सको ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# विद्युत पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राजपुर-बकसपुर मुख्य मार्ग पर रविवार देर रात सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे युवक को मामूली चोटें आईं। बाइक सवार शादी कार्यक्रम में शामिल होकर देर रात वापस घर लौट रहे थे। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम झींगो कर्रा रोड निवासी अजीत प्रजापति आ. स्व.राजेश प्रजापति (24 वर्ष) गत दिन गांव के ही अपने साथी अंकित प्रजापति, आ. लरंग प्रजापति (23 वर्ष) के साथ राजपुर नगर पंचायत के वार्ड 03 पैकरा मोहल्ला में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने होने आए थे। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोनों देर रात बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही राजपुर-बकसपुर मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक अजीत प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथी को मामूली चोटें आई। घटना को देख आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत अजीत को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके साथी का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने किया अग्रोहा पैलेस का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने शहर के रायगढ़ रोड लालमाटी में प्रस्तावित अग्रोहा पैलेस का विधिवत भूमिपूजन कर आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के वंशज होने का गौरव के वल हमारी पहचान नहीं, बल्कि एक पुनीत उत्तरदायित्व भी है। सेवा, त्याग और लोकमंगल की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह परियोजना समाज के सामूहिक संकल्प और सहभागिता का प्रतीक बनेगी।

- 150 अत्याधुनिक कमरों सहित भव्य परिसर से मध्य भारत में बनेगी नई पहचान

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि किसी भी भवन की सार्थकता केवल उसके भौतिक स्वरूप में नहीं, बल्कि उसमें निहित सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण में होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि समस्त समाज के सहयोग से निर्मित अग्रोहा पैलेस आने वाले समय में जनसेवा, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि अग्र समाज का इतिहास सेवा, समर्पण और लोक कल्याण की गौरवशाली परंपरा से परिपूर्ण रहा है। पूर्वजों ने धर्मशालाएं, बावड़ियां और अन्न क्षेत्र बनाकर मानवता की सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी भवन केवल ईंट-पत्थरों से नहीं, बल्कि उसमें समाहित भावना, सहभागिता और सेवा के भाव से जीवंत बनता है। श्री अग्रवाल ने समाज के लोगों से कहा कि वे इस प्रकल्प को सफल बनाने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति को भी जोड़ें। उन्होंने गरीब बच्चों की शिक्षा, जरूरतमंद मरीजों के उपचार और बेटियों के सम्मानजनक विवाह में सहयोग देने का संकल्प लेने की बात कही। अग्रवाल सभा व अग्रोहा पैलेस के अध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कि यह भवन रायगढ़ रोड लालमाटी में लगभग 6 एकड़ भूमि में बनेगा। भवन के लिए भूमि क्रय करने व बनाने के लिए 41 ट्रस्टीयों के साथ साथ 150 कमरे व हॉल के लिए दान-दाताओं का सहयोग लिया जाएगा। यह भवन सभी समाज के लिए होगा जिसमे निम्न व मध्यम वर्ग के लिए बहुत ही कम दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। भूमि पूजन अक्षय तृत्या के शुभ दिवस पर किया जा रहा है जो बाहर से आए पुजारीयों द्वारा मंत्र जाप के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया। इस दौरान छत्तीसगढ़ वेश्य समाज के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, अग्रवाल सभा पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, रेड क्रॉस सोसाइटी सूरजपुर के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, अग्रोहा धाम के चेयरमेन विनोद अग्रवाल, महामंत्री कृष्ण अग्रवाल, विकास अग्रवाल, कृष्ण कुमार, मनोज जैन सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे।




स्मृति चिन्ह भेंट करते समाज के लोग।

## ग्रामीणों ने लगाया निर्माण के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप

# बनने के साथ ही भरभराकर गिर गई जनमन सड़क की पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत सपनादर से केराजुबला मार्ग में नवनिर्मित पुलिया बनने के साथ ही भरभराकर गिर गई। मामले में ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है तथा विभाग पर ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर गुणवत्ताहीन निर्माण के माध्यम से योजना की राशि हड़पने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय दल गठित कर सड़क एवं पुलिया निर्माण की जांच कराने की मांग की है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से करोड़ों रूपए की लागत से पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो समुदाय के लोगों के सुविधाजनक आवागमन के लिए जनमन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा निर्माण के नाम पर जमकर खानापूर्ति की जा रही है। प्रारंभ में ग्रामीणों ने विभाग पर बिना आधार तैयार कराए गुणवत्ताहीन निर्माण कराने सीधे मिट्टी के ऊपर डामर की 2 इंच मोटी परत बिछाने एवं बनने के साथ ही डामर के उखड़ने का आरोप लगाया था। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया था कि विभाग गड़बड़ियों की जांच कराए बिना ठेकेदार को शह देकर निर्माण के नाम पर खानापूर्ति करा योजना राशि हड़पने की कोशिशे कर रहा है। लगातार विवाद के बाद ठेकेदार ने ग्राम केराजोबला में पुल-पुलियों के निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया था जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी तथा ग्रामीण ठेकेदार की मनमानी का विरोध कर रहे थे। भारी विरोध के बाद ठेकेदार ने ग्राम केराजोबला में पुलिया का निर्माण कराया था। पुलिया निर्माण के लिए दोनो तरफ ईंट की दीवार खड़ी कर 1 सूत के पतले सरिया से पुलिया की ढलाई की गई थी। पुलिया का निर्माण पूरा होने के बाद ठेकेदार कुछ दूरी पर स्थित दूसरी पुलिया के निर्माण की तैयारियां कर रहा है था। इस दौरान सोमवार को सुबह ही पूर्व में निर्मित पुलिया भरभराकर गिर गई। बनने के साथ ही बिना उपयोग पुलिया के भरभराकर गिरने के पीछे ग्रामीण गुणवत्ताहीन निर्माण को कारण बता रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों ने ठेकेदार को गुणवत्ताहीन निर्माण करने एवं योजना की राशि हड़पने की पूरी छूट दे दी है। विभाग के अधिकारी न तो निर्माण सामग्री एवं गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं न ही निर्माण स्थल का निरीक्षण करने ही पहुंच रहे है। ग्रामीणों ने गुणवत्ताहीन सड़क एवं पुलिया निर्माण के विरूद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है।





## खबर संक्षेप



### अंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा

**बैकुण्ठपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती ग्राम बुड़ार में 19 अप्रैल को उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहब अंबेडकर जी का शोभायात्रा निकाली गई जो कि ग्राम बुड़ार के विभिन्न मार्गो से निकाली गई और फिर शोभायात्रा अंबेडकर चौक पर पहुंच कर समाप्त हुआ, जहां पर अतिथियों एवं अन्य लोगों के द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर संगीतमय कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हुए। अतिथियों एवं उपस्थित प्रमुख लोगों द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### ई-केवाईसी में महिलाएं हो रहीं परेशान

**बैकुण्ठपुर।** महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी प्रक्रिया को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं एवं हितग्राहियों का आरोप है कि विभाग जिम्मेदारी से पीछे हट रहा है और न तो ई-केवाईसी में आ रही त्रुटियों का स्पष्ट कारण बताया जा रहा है और न ही सुधार के लिए कोई ठोस मार्गदर्शन दिया जा रहा है। परियोजना कार्यालय पहुंच रही महिलाओं का कहना है कि उन्हें बिना संतोषजनक जवाब दिए वापस लौटा दिया जा रहा है। कई मामलों में पावती में रिजेक्ट का कारण बेहद संक्षिप्त और अस्पष्ट बताया जा रहा है, जिससे हितग्राही असमंजस में हैं। स्थानीय स्तर पर सुपरवाइजर और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पहले ही त्रुटि सुधार का कार्य पूर्ण किया जा चुका था। इसके बाद दस्तावेजों का सत्यापन भी किया गया था। बावजूद इसके अब ई-केवाईसी के नाम पर महिलाओं या उनके पति के नाम में त्रुटियां बताई जा रही हैं, इससे महिलाओं में यह आशंका गहराने लगी है कि कहीं इस प्रक्रिया के बहाने उनके नाम योजना से काटे न जाएं। हितग्राहियों का आरोप है कि सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा, जिससे समस्या और बढ़ रही है। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि योजना के बड़े अधिकारी भी स्पष्ट जानकारी देने के बजाय उन्हें भ्रमित कर रहे हैं और कार्यालय से लौटा रहे हैं, इससे योजना की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के सचिव एवं पार्षद धीरज शिवहरे ने चेतावनी दी है कि यदि बिना कारण महिलाओं के नाम काटे गए या उन्हें परेशान किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 72 घंटे अखंड हरिनाम संकीर्तन की शुरूआत आज

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में श्री-श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन वर्ष 2026 में आयोजित किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम परंपरागत रूप से सन 1970 से लगातार आयोजित होता आ रहा है और इस वर्ष इसका 57 वां वर्षगांठ समारोह मनाया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत 20 अप्रैल सोमवार की रात 9 बजे अधिवास के साथ होगी, इसके बाद 21 अप्रैल मंगलवार की सुबह 6:30 बजे से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ होगा, जो 24 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 6:30 बजे संपन्न होगा। समापन के दिन रात्रि 8:30 बजे से भव्य महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में विभिन्न स्थानों से हरिनाम संकीर्तन मंडलियां भाग लेंगी। इनमें प्रमुख रूप से कोलकाता से श्री श्री भाई बहिन गिरधारी संप्रदाय, तातापानी से गौरिया संप्रदाय, अम्बिकापुर से माधवाचार्य गौरिया संप्रदाय, बलरामपुर से राधा कृष्ण संप्रदाय तथा सतना से वासुदेव संप्रदाय की मंडलियां शामिल होंगी।

#### तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम नहीं

# दो भीषण हादसेः तीन युवकों की मौत, 5 घायल



पलटा वाहन।



जमगहना में दुर्घटनाग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में एक ही दिन में हुए दो अलग-अलग भीषण सड़क हादसों ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। इन घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का इलाज जिला अस्पताल समेत अन्य जगहों में जारी है। लगातार हो रहे हादसों ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रविवार देर रात शहर के चेर क्षेत्र में बैकुण्ठपुर जूनापारा से चिरमिरी लौट रही एक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही आर्यन सोनवानी (22 वर्ष) और कुलदीप सिंह (23 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं चार अन्य युवक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल निजी शर्मा अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी युवक डोमनहिल, चिरमिरी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है।

हालांकि पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है। इसी बीच सोमवार दोपहर पटना थाना क्षेत्र के ग्राम जमगहना स्थित एनएच-43 पर बाजार के पास दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में सूरजपुर जिले के बतरा निवासी पुरुषोत्तम राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है।

### हादसों ने बढ़ाई चिंता

लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने प्रशासन और आम जनता दोनों की चिंता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही इन हादसों के मुख्य कारण हैं। जरूरत है सख्ती से नियमों के पालन और जागरूकता बढ़ाने की, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## अस्पताल पहुंचे विधायक



दुर्घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक भैयालाल राजवाड़े जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को समुचित उपचार के निर्देश दिए। साथ ही मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## चरचा में तलवार-गुप्ती से ताबड़तोड़ हमला, 5 घायल

**चरचा कॉलरी।** जिले के चरचा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हिंसा की बड़ी घटना सामने आई, जहां मामूली विवाद ने देखते ही देखते खतरनाक रूप ले लिया। वार्ड क्रमांक 11 के बाजारपारा इलाके में दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। हमलावरों ने धारदार हथियारों, लाठी-डंडों और पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे पूरा क्षेत्र रणभूमि में तब्दील हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार की रात करीब 10 बजे शुरू हुई झड़प में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस घटना में कुल 5 लोग घायल हुए हैं, इनमें 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया, जब वार्ड क्रमांक 12 मस्जिद लाइन निवासी 55 वर्षीय महिला किरन ने थाना में लिखित



शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक 19 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे 9-10 युवक उसके घर पहुंचे और उसके बेटे योगेश को ढूंढते हुए खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद पड़ोसियों से सूचना मिली कि योगेश को श्रमवीर स्टेडियम में घेरकर मारपीट की जा रही है। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो देखा कि आरोपी युवक तलवार, गुप्ती और लोहे की रॉड से बेरहमी से हमला कर रहे थे। बीच-बचाव करने पहुंचे रमेश को भी नहीं बख्शा गया और उसे भी गंभीर रूप से पीटा गया। हमले में योगेश और रमेश के सिर, हाथ और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को तत्काल रीजनल अस्पताल चरचा और जिला अस्पताल बैकुंठपुर में भर्ती कराया गया।




## डीएमएफ कार्यों से पहले ग्राम सभा का अनुमोदन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) से संबंधित किसी भी कार्य के प्रस्ताव के पूर्व ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य का प्रस्ताव भेजने से पहले उसका गहन परीक्षण और निरीक्षण आवश्यक रूप से किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफ के नवीन नियमों का भली-भांति अध्ययन कर, केवल आवश्यकता और उपयोगिता के आधार पर ही प्रस्ताव भेजे जाएं।

- फील्ड निरीक्षण और सुशासन तिहार की तैयारियों पर दिए विशेष निर्देश

उन्होंने कहा कि योजनाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में उन्होंने आगामी 1 मई से प्रारंभ हो रहे राज्य स्तरीय सुशासन तिहार की तैयारियों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन, शिविर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का शीघ्र परीक्षण कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी विभागों को लंबित प्रकरणों पर जिम्मेदारीपूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिया कि सभी गांवों का नियमित भ्रमण कर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि गर्मी और लू के दौरान मौसमी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त स्टाफ, जांच सुविधा और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि वे केवल कार्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर योजनाओं का निरीक्षण करें। उन्होंने ब्लॉक में लगने वाले शिविर में ब्लॉक स्तर के अधिकारी की उपस्थिति अवश्य हो। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, आश्रम शाला, स्वास्थ्य केन्द्र एवं उचित मूल्य दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा पाई गई कमियों की तत्काल सूचना संबंधित विभाग को दी जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एके इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग चैनपुर में फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ। इसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नए विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को संस्थान के वातावरण से परिचित कराना, आपसी समन्वय और भाईचारा बढ़ाना तथा वरिष्ठ छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करना रहा।


कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, गीत एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही सीनियर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए जूनियर्स को मार्गदर्शन भी दिया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ.एके ओझा ने अपने संबोधन में अनुशासन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि हम अनुशासन में नहीं हैं तो हमारा विकास संभव नहीं है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो अधिक मेहनत करना चाहता है, वह संस्थान के साथ मिलकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि नर्सिंग के छात्र होने के नाते उनके लिए पूरे विश्व में अवसर खुले हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती मंजू बैस सहित संस्थान के सभी प्राध्यापकगण श्रीमती चांदनी सिंह, सुश्री पूर्णिमा दास, श्रीमती सुमन राठौर, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्रीमती विनीता राजवाड़े, अर्जुन प्रजापति, सुश्री प्रीति, श्रीमती जानकी नापित, श्रीमती ईवा अंजुम, सुश्री रश्मि महरा, श्रीमती बिंदु, सचिन पांडे एवं सुश्री इंदु पांडे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में छात्र समिति के सदस्य सौरभ तिवारी, समिता सिंह, अनुष्का शुक्ला, छाया बैगा, दुर्गा, वेदिका साहू, मोनिका, पायल, आकृति, शिवांगी मिश्रा, शिवांगी साहू, मुकेश, राजीव, रोशन, अन्नपूर्णा केवट, उर्मिला, तेजवती, अर्चना एवं सुधा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर समाजसेवी अवनिन्द्र सिंह एवं पत्रकार रामचरित द्विवेदी उपस्थित रहे।

## ट्री हाउस में ठहरने ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**बैकुंठपुर।** छग में पर्यटन को नई दिशा देने के उद्देश्य से होटल एवं रिसॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा को लगातार विस्तार दिया जा रहा है। इसी कड़ी में छग टूरिज्म बोर्ड द्वारा कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड अंतर्गत घुनघुट्टा में नवनिर्मित कोरिया ट्री हाउस के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। प्राकृतिक वातावरण के बीच लकड़ी से निर्मित यह ट्री हाउस पर्यटकों को एक अनोखा और यादगार अनुभव प्रदान करेगा। पर्यटन बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्री हाउस के लिए सीजन के आधार पर अलग-अलग दरें निर्धारित की गई हैं।

नॉन पीक सीजन 1 अप्रैल से 30 जून के दौरान सप्ताह के सभी दिनों सोमवार से रविवार तक-सिंगल आवास के लिए 2100 रूपए, डबल के लिए 2625 रूपए तथा अतिरिक्त व्यक्ति सहित 3150 रूपए का शुल्क तय किया गया है। वहीं पीक सीजन 1 जुलाई से 31 मार्च में सोमवार से गुरुवार तक सिंगल के लिए 2625 रूपए, डबल के लिए 3150 रूपए तथा अतिरिक्त व्यक्ति सहित 3750 रूपए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा शुक्रवार, शनिवार और रविवार



को सिंगल के लिए 2835 रूपए, डबल के लिए 3360 रूपए तथा अतिरिक्त व्यक्ति सहित 3885 रूपए का किराया लागू होगा। पर्यटकों और युवाओं को आकर्षित करने के लिए यहां प्री-वेडिंग एवं वीडियो शूटिंग की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए 15,000 रूपए प्रति दिवस जीएसटी सहित का शुल्क निर्धारित किया गया है। यदि रिसॉर्ट में दो कक्ष रिक्त रहते हैं, तो उन्हें फ्रेश एंड चेंज के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक अधिकतम 10 व्यक्तियों के लिए मान्य होगी। पर्यटन प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शूटिंग के दौरान अन्य पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। नियमों के उल्लंघन या किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि पाए जाने पर प्रबंधन को कक्ष/परिसर खाली कराने का पूर्ण अधिकार होगा तथा किसी भी स्थिति में राशि वापस नहीं की जाएगी।

आवश्यक होने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है। ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया को भी बेहद सरल बनाया गया है। पर्यटक छग टूरिज्म बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी पसंद का शहर या पर्यटन स्थल चुन सकते हैं। इसके बाद उपलब्ध होटल या रिसॉर्ट का चयन कर चेक-इन एवं चेक-आउट की तिथि, कमरों की संख्या, अतिथियों की संख्या और संपर्क विवरण दर्ज करना होगा।

## लहसुई कैम्प में जर्जर पानी टंकी से हादसे का बना खतरा, 300 परिवार प्रभावित

**अनूपपुर।** कोतमा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 स्थित लहसुई कैम्प में बनी पुरानी पानी टंकी स्थानीय निवासियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। करीब 25-30 वर्ष पुरानी यह टंकी वर्तमान में जर्जर हालत में बताई जा रही है।



टंकी की दीवारों में दरारें दिखाई दे रही हैं और उसके ऊपरी हिस्से पर झाड़-झंखाड़ उग आए हैं, जिससे इसकी संरचनात्मक मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में कोतमा नगर में एक बहुमंजिला भवन गिरने की घटना के बाद भी प्रशासन द्वारा इस टंकी की स्थिति का निरीक्षण नहीं किया गया है, इससे क्षेत्रवासियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

## अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का मना जन्मोत्सव



**बैकुंठपुर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज कोरिया द्वारा एक भव्य एवं श्रद्धामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिसर की साफ-सफाई से हुई, जिसके बाद संध्या पूजन विधि-विधान से संपन्न किया गया। तत्पश्चात श्री रामचरितमानस के सुंदरकांड का साज-बाज के साथ भावपूर्ण गायन-वादन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पाठ समाप्ति के उपरांत आरती-वंदन कर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं पदाधिकारीगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ बाजपेई, वर्तमान अध्यक्ष ब्रिजनारायण मिश्रा, सचिव योगेन्द्र मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र शमा, प्रभात मिश्रा, अनिरूद्ध शर्मा, सुशील शुक्ला, अभय दुबे, मोनू तिवारी, अनुराग दुबे, अंकित उपाध्याय, विपुल शुक्ला, रवि त्रिपाठी, कवि पाण्डेय एवं संस्कार समिति के ओंकार पाण्डेय, सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे।

#### तत्काल लागू करने से बच रही केन्द्र सरकार, राजीव भवन में प्रेसवार्ता

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले ही कानूनः प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर केन्द्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देशभर में भ्रम फैला रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 (128 वां संविधान संशोधन) संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन चुका है।

उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल को केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत 131 वां संविधान संशोधन विधेयक महिला आरक्षण से सीधे जुड़ा नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से लोकसभा सीटों का परिसीमन बढ़ाकर 850 करने, 2011 की जनगणना को आधार बनाने




तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया था। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर अपने अनुसार सीटों का परिसीमन करवाना चाहती थी, जिसे विपक्ष की एकजुटता ने विफल कर दिया। पत्रकारवार्ता में यह भी कहा गया कि यदि सरकार की मंशा वास्तव में महिला आरक्षण लागू करने की होती, तो वह वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती थी, लेकिन सरकार परिसीमन का इंतजार कर रही है। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि जब नई जनगणना प्रस्तावित है, तो 2011 के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों किया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक आरक्षण देने में पार्टी का इतिहास स्पष्ट रहा है। पंचायतों एवं नगरीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण कांग्रेस की पहल से ही संभव हुआ, जिसके कारण आज देशभर में काफी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि सक्रिय हैं।

अंत में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा महिला सशक्तिकरण नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ के लिए परिसीमन कराना है और इसी कारण वह महिला आरक्षण के मुद्दे पर देश में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष अजय सिंह, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, महामंत्री राजीव गुप्ता, सौरभ गुप्ता, पार्षद अंकित गुप्ता सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान को गति देने कल को होगी अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में ज्ञान भारतम राष्टीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 22 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी, जिसमें राज्य स्तरीय स्थायी समिति के सदस्य एवं सभी जिला कलेक्टर शामिल होंगे।

बैठक में पाण्डुलिपियों के महत्व, उनके संरक्षण की आवश्यकता, अभियान के उद्देश्य, कार्ययोजना एवं समय-सीमा की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन एवं कार्यान्वयन प्रक्रिया पर भी चर्चा की जाएगी। संस्कृति, उच्च शिक्षा और आयुष विभाग की भूमिका को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श होगा। विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों तथा पारंपरिक वैद्यों एवं आर्युवेदाचार्यों के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों के चिन्हांकन और सर्वेक्षण के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिले के महाविद्यालयों, पुस्तकालयों, संग्रहालयों, मंदिरों, मठों, आश्रमों, गुरूकुलों एवं निजी संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों का चिन्हांकन और सर्वेक्षण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिलेवासियों एवं विभिन्न संस्थाओं से अपील की है कि यदि उनके पास जिले से संबंधित 70 वर्ष या उससे अधिक पुरानी कोई पाण्डुलिपि उपलब्ध हो, तो उसे प्रशासन को अवश्य उपलब्ध कराएं।

## खबर संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 1 मई से

**बलरामपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आमजनों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत 1 मई से जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे लोगों को शासन-प्रशासन की सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिविरों के आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से पुराने लंबित प्रकरणों एवं राजस्व से संबंधित लंबित आवेदनों को प्राथमिकता से शीघ्र निराकरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि पेंशन, राशन, आय, जाति, प्रमाण पत्र, सामाजिक सहायता पेंशन संबंधित प्रकरणों का गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के साथ ही शिविरों के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। ताकि कोई भी पात्र हितग्राही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण कर आवेदक को अनिवार्य रूप से जानकारी दें।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री कटारा ने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### बच्चा चोर का आरोप लगाकर युवकों से मारपीट, बाइक को किया आग के हवाले

**अम्बिकापुर।** बहन के यहा शादी में शामिल होकर घर लौट रहे युवकों कोटगांव माझापारा में गांव के ही युवकों ने न सिर्फ बच्चा चोर का आरोप लगाया बल्कि मारपीट करन के बाद युवक की बाइक को आग के हवाले कर दिया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम टेडगा सड़कपारा निवासी संतोष नागेश आ. सुधन नागेश (24 वर्ष) शनिवार को दोस्त नंदू नागेश के साथ बाइक क्रमांक सीजी 13 यूजी 5320 से शादी देखने ग्राम कोट पहाड़पारा निवासी बहन दमाद शोनू नागेश के घर गए थे। शादी देखने के बाद रात के लगभग 9 बजे बाइक से दोनों वापस घर जाने लगे। इसी बीच कोट गावं माझापारा स्थित बोर के पास पानी पीने के लिए रुके तभी वहां मौजूद अनिल व उसके तीन साथियों ने पूछताछ करना शुरू किया तो युवक ने बहन दामाद के शादी देखने आने की बात बताई। अनिल लकड़ा सहित उसके साथ मौजूद लोगों ने बच्चा चोर बोलकर मारपीट करना शुरू कर दिया। साथ ही रिश्तेदार को लेकर आने की बात कही। युवक बाइक को वहीं छोड़ बहन के यहां चला गया और बहन दामाद घटना की जानकारी दी। जब युवक अपने रिश्तेदार को लेकर मौके पर पहुंचा तो देखा उसकी बाइक को जला दिए थे। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2),326(घ), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सुबह होते ही महुआ बीनने जुट जाते हैं गांव के लोग

# वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीणों की आमदनी का जरिया बना महुआ



महुआ बीनती महिला।



घर के आंगन में सुखाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए जंगल किसी वरदान से कम नहीं। जंगल में पाए जाने वाले विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे के फल ग्रामीणों के लिए आय का जरिया है, जिसमें महुआ भी शामिल है। गर्मी के दिनों में होने वाले महुआ को बीनने इन दिनों ग्रामीण परिवार के साथ निकल जाते है। परंतु हाल ही में क्षेत्र में हाथी, भालू की धमक के बाद से अब ग्रामीणों को जंगली जानवरों का भय भी सताने लगा है। ऐसे में ग्रामीण पहले की अपेक्षा कम ही जंगल की ओर जाना पसंद करते है जिससे उनकी आय पर भी इसका असर पड़ा है। हालांकि वन विभाग ग्रामीणों को सर्तक कर देते है इससे ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है।

**खास बात**

- महुआ बेच करते है अपनी जरूरत पूरी

#### आमदनी का बना जरिया

वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए महुआ इन दिनों आमदनी का जरिया बना हुआ है। महुआ को बेचकर अपनी जरूरत के सामान खरीदते हैं। सुबह महुआ बीनने के बाद अपने घरों में ले जाकर सुखाते हैं सूखने के बाद बेचकर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। ऐसे में ग्रामीणों के लिए महुआ आमदनी का अतिरिक्त जरिया बन गया है।

#### पूरा परिवार मिलकर बीनते हैं महुआ

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी मिलकर महुआ बीनने का काम करते हैं। सुबह से ही टोकरी लेकर जंगल की तरफ महुआ बीनने निकल पड़ते हैं और दोपहर तक महुआ बीनते हैं। इन दिनों ज्यादा महुआ बीनने की होड़ ग्रामीणों के बीच लगी रहती है। यहां के जंगलों में महुआ पेड़ की अधिक संख्या में पाया जाता है.

जिले के वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण इन दिनों सुबह से ही अपने पूरे परिवार के साथ महुआ बीनने निकल जाते हैं। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं एवं युवा सभी मिलकर महुआ बीनते हैं। जिले में महुआ पेड़ की संख्या अधिक होने के कारण लगभग हर गांव से हर परिवार के लोग जंगल व जंगल के आसपास स्थित पेड़ के नीचे गिरे महुआ को बीनते आसानी से नजर आ जाएंगे। ऐसे में गांव में महुआ जीविकोपार्जन का प्रमुख जरिया है बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग महुआ को बेचकर अपनी घर की छोटी मोटी जरूरतों को पूरा करते हैं। इस तरह महुआ ने वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी बिखेर दी है। हालांकि अप्रैल माह में हुई बेमौसम बारिश के कारण महुआ पर इसका असर पड़ा है परंतु जिस तरह से गर्मी पड़ रही है उससे महुआ गिरने से एक बार फिर ग्रामीणों की भीड़ पेड़ के नीचे लगने लगी है।

#### मजदूर महुआ बीनने लौट आते हैं गांव

जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ का पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं। मार्च-अप्रैल के महीने में जमकर महुआ गिरता है जिसे ग्रामीण महुआ बीनने में जुट जाते हैं। हालांकि अप्रैल माह में बेमौसम हुई बारिश की वजह से महुआ पर असर पड़ा है। इस मौसम में बाहर मजदूरी करने जाने वाले ग्रामीण भी महुआ के सीजन में वापस गांव लौट आते हैं और महुआ बीनते हैं।

#### जंगली जानवरों का भय

ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ आमदनी का जरिया बना हुआ है परंतु इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि कब हाथी, भालू सहित अन्य जानवर हमला न कर दे। हालांकि वन विभाग ने भी जन हानि न हो इसे लेकर ग्रामीणों को प्रचार प्रसार कर सर्तक करते रहते है। वन विभाग की अधिकारी कर्मचारी अपने स्तर से हर जगह ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर जहां कहीं भी हाथी आने की जानकारी लगती है तो तत्काल ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने की सलाह देते है। इधर कभी ग्रामीण गंभीरता से नहीं लेते जिससे भालू या हाथी के हमले से घायल हो जाते है।



## महामाया वार्ड में नाली निर्माण का किया गया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के महामाया वार्ड अंतर्गत स्टेट बैंक रोड में नाली निर्माण का भूमि पूजन ननि लोक निर्माण विभाग के एमआईसी सदस्य मनीष सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य प्रियंका विकास गुप्ता द्वारा किया गया।

भूमि पूजन के दौरान एमआईसी सदस्य शशि कांत जायसवाल, भाजपा नगर मंत्री अतीश सिंह राजपूत, अनुसूचित जाति के पूर्व जिला अध्यक्ष नकुल सोनकर, सतीश जैन, आलोक सिंह, गप्पू , विकाश गुप्ता, नीरज वर्मा, छाया, नीतिन गुप्ता, अनुज सिंह, अमित गुप्ता, दीपक सोनी, विवेक सोनी, संतोष अग्रवाल, शिफा मेडिकल, प्रेम दुबे, सम्बंधित ठेकेदार सहित सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। गौरतलब है कि नाली निर्माण नहीं होने स्टेट बैंक के समीप बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती थी। ऐसे में मार्ग से गुजरने वाले राहगीर के अलावा मोहल्ले के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

मोहल्ले वासियों द्वारा नाली निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब नाली निर्माण होने से बारिश के दिनों में लोगों को राहत मिलले की उम्मीद है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम उपरपोड निवासी हरि आ. स्व. धनसाय (32 वर्ष) शनिवार को घर के सामने खड़ा था तभी गांव के ही सुकुल, रामू, राजा, गोहों, सूरज, छोटू, व भोलू मौके पर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से अचेते होने पर युवकों ने हरि को नाली में फेंक कर फरार हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर पीड़ित युवक के दोस्तों ने उसे नाली से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात गत दिन पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 191(1), 191(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## जिले में 30 से अधिक कोटवारी भूमि विक्रय के प्रकरणों का निराकरण कर शासन के खाते में किया गया दर्ज

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामले आमजन के दैनिक जीवन से सीधे जुड़े होते हैं अतः सभी अधिकारी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

- मसाहती ग्राम खैरवार के सर्वे को आगामी एक माह के भीतर पूर्ण करने के दिए गए निर्देश



बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से कोटवारी भूमि के हस्तांतरण एवं क्रय-विक्रय प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में दर्ज, निराकृत एवं लंबित प्रकरणों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही यह परीक्षण भी सुनिश्चित करें कि किन प्रकरणों में एक बार तथा किन मामलों में एक से अधिक बार हस्तांतरण हुआ है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोटवारी भूमि से संबंधित सभी लंबित प्रकरण पूर्ण कर कोटवारी भूमि को शासन के खाते में दर्ज किया जाए। जिले में 30 से अधिक कोटवारी भूमि विक्रय के प्रकरणों का निराकरण कर शासन के खाते में दर्ज किया गया है। कलेक्टर श्री वसंत ने शेष प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि पूरे जिले में कुल 33 कोटवारी भूमि का निराकरण हो गया है एवं विक्रय हो चुकी कोटवारी भूमि को शासन के खाते में दर्ज कर लिया गया है। जिसमें तहसील अंबिकापुर में 16, लखनपुर में 7, उदयपुर में 1, लुण्ड्रा में 1, बतौली में 3, दरिमा में 5 प्रकरण शामिल है। कलेक्टर ने शेष प्रकरणों को जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने मसाहती ग्राम खैरवार के सर्वे को आगामी एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध भूमि अतिक्रमण एवं कब्जे के प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विवादित एवं अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, खाता विभाजन तथा भू-अर्जन प्रकरणों में अपेक्षित प्रगति लाने पर बल दिया विशेष रूप से विवादित एवं अविवादित बंटवारे के लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने नामांकन एवं सीमांकन के लंबित प्रकरण को समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत निराकरण करने तथा राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली एवं समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि माई माह तक जाति प्रमाण पत्र शत प्रतिशत पूर्ण कर वितरण सुनिश्चित करें। प्राकृतिक आपदा सहायता प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि संबंधित पटवारी स्वयं स्थल निरीक्षण कर मौका-मुआयना करें, आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कर शीघ्र जिला कार्यालय प्रेषित करें। वृक्ष कटाई से संबंधित प्रकरणों में राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे कर शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, किसान किताब वितरण, आधार सीडिंग , डिजिटल हस्ताक्षर तथा वनाधिकार पट्टों के लंबित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को अपने-अपने अनुविभाग में नियमित मॉनिटरिंग करने एवं प्रत्येक माह प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सुनील नायक, सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## समय-सीमा की बैठक में सुशासन तिहार की तैयारियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों के त्वरित, समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से 1 मई से 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविरों के आयोजन की रूपरेखा पर व्यापक विमर्श किया गया।



कलेक्टर एस जयवर्धन ने सुशासन तिहार के सफल संचालन हेतु आदेश जारी करते हुए जिले के समस्त जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों की तिथि, स्थान एवं नोडल अधिकारियों का निर्धारण कर दिया है। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 30 अप्रैल तक राजस्व प्रकरण, मनरेगा भुगतान, हितग्राही मूलक योजनाएं, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, विद्युत एवं हैंडपंप आदि से संबंधित समस्त लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने बताया कि 1 मई से 10 जून तक ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टरवार जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा, जिससे पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंच सके। कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्पष्ट किया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समस्त संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक अग्रिम तैयारियां, विभागीय समन्वय तथा नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि शासन की मंशानुरूप आमजन को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने नियुक्त नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदन पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण को सुनिश्चित करना सभी की प्राथमिकता रहे।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र शर्मा, सर्व एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अग्निवीर भर्ती 2026-27 : सूरजपुर में लिखित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण 1 मई से

**सूरजपुर।** जिले में भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती 2026-27 के अंतर्गत पंजीकृत युवाओं को ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) की तैयारी हेतु पूर्व प्रशिक्षण रोजगार कार्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), शासकीय महाविद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार, अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत पंजीयन की अंतिम तिथि तक सूरजपुर जिले के कुल 303 आवेदकों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। इन अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) जून 2026 में आयोजित होना संभावित है। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सभी संबंधित संस्थानों से आह्वान किया गया है कि वे अपने परिसर में सूचना प्रदर्शित करें, ताकि अग्निवीर भर्ती 2026-27 हेतु पंजीकृत सभी अभ्यर्थी रोजगार पोर्टल पर अपना पंजीयन सुनिश्चित करें अथवा जिला रोजगार कार्यालय सूरजपुर से संपर्क करें। अभ्यर्थियों के लिए यह प्रशिक्षण आगामी 1 मई से प्रारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से युवाओं को लिखित परीक्षा की बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा ।


सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अप्रैल 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 2 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL | CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप



### अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**बिश्रामपुर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार को बिश्रामपुर सहित जिले भर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पूजन, हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। गायत्री प्रज्ञा पीठ बिश्रामपुर के यज्ञशाला में विधि-विधान से पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ मंडप में आहुति दी। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आरती और जयघोष के साथ प्रसाद वितरण कर आयोजन संपन्न हुआ। वहीं सूरजपुर जिला मुख्यालय स्थित परशुराम धाम में भी विशेष पूजन, हवन और आरती का आयोजन किया गया। महिला मंडली द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मनोज अवस्थी सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन से पूर्व मंदिर परिसर को आकर्षक झंडों और झालरों से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

### सेवानिवृत्त कर्मियों के सेटलिंग इन अलाउंस में हुआ इजाफा

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने गैर-कार्यकारी नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के लिए एक अहम और राहत भरा फैसला लिया है। कंपनी के निदेशक मंडल की हालिया बैठक में सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले सेटलिंग-इन अलाउंस को बढ़ाने पर मुहर लगाई गई है, जिससे हजारों कर्मचारियों को सीधा फायदा मिलने वाला है। ज्ञात हो कि कोलकाता स्थित मुख्यालय में 31 जुलाई 2025 को आयोजित 481 वीं बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाला सेटलिंग-इन अलाउंस अब 12 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई है। हालांकि इस सुविधा के साथ एक शर्त भी जुड़ी है कि जो कर्मचारी कंपनी के क्वार्टर या लीज आवास में रह रहे हैं, उन्हें यह अलाउंस तभी मिलेगा जब वे आवास खाली करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह प्रमाण पत्र अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। इस निर्णय के बाद कोयला क्षेत्रों में कार्यरत कोल कर्मचारियों और सेवानिवृत्ति की ओर बढ़ रहे कर्मियों के बीच खुशी देखी जा रही है। नई व्यवस्था से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुरुआती खर्चों, स्थानांतरण, घर बसाने आदि में मदद, आर्थिक सुरक्षा की भावना को मजबूती, कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि होगी। इस फैसले के बाद भविष्य में अन्य भत्तों और सुविधाओं में भी सुधार की संभावना बढ़ सकती है।

## सड़क पर बिखरे मुरूम पत्थर, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

# करोड़ों की लागत बनी नई सड़क फिर भी राहगीरों के लिए खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

सलका रजवारी पारा से रेड नदी तक बनी नई पक्की सड़क अब राहगीरों के लिए खतरनाक हो गया है। साइड सोल्डर में भरे गए मुरम पत्थर सड़क पर फैल जाने से न सिर्फ सड़क खराब होने लगी है बल्कि मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए परेशान के सबब बन गए है। ऐसा नहीं है कि सड़क पर बिखरे मुरम पत्थर को व्यवस्थित करने की मांग लोगों ने नहीं की है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं करने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

**खास बात**
- पत्थरों के धसने से सड़क हो रही खराब

क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलका रजवाड़ी पारा से रेड नदी तक हाल ही में निर्मित डामरीकृत सड़क एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। इस बार कारण गुणवत्ता नहीं बल्कि ठेकेदार की लापरवाही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के बाद अब किनारों पर डाले जा रहे मुरूम पत्थर के कारण पूरी सड़क की हालत बिगड़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क का निर्माण अच्छे स्तर पर किया गया है और डामरीकरण भी संतोषजनक था। लेकिन अब सड़क के दोनों किनारों पर जो मुरूम डाला जा रहा है, वह बिना किसी मानक के डाला जा रहा है। इस मुरूम में बड़े-बड़े पत्थर मौजूद हैं, जिन्हें सीधे सड़क के किनारे गिरा दिया जाता है। ऐसे में पत्थर मुख्य डामरीकृत सड़क पर आकर धंस रहे हैं और सड़क को नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुरूम डालते समय यह ध्यान नहीं रखा जा रहा कि वह केवल साइड सोल्डर तक सीमित रहे। कई जगहों पर मुरूम सड़क के ऊपर तक फैल गया है, जिससे न केवल सड़क की सतह खराब हो रही है बल्कि मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी परेशानी के सबब बन गए है। इसके अलावा, जेसीबी मशीन से मुरूम को फैलाने और समतल करने की प्रक्रिया में सड़क की डामरी परत को नुकसान पहुंच रहा है, जिससे सड़क की स्थिति दयनीय हो जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते सड़क से मुरूम पत्थर को व्यवस्थित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में सड़क की हालत और भी दयनीय हो जाएगी।


नवनिर्मित सड़क पर बिखरे मुरूम पत्थर।

### ग्रामीण करा चुके है काम बंद

ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से पक्की सड़क निर्माण की मांग पर जब सड़क निर्माण शुरू हुआ तो घटिया सड़क निर्माण कराने पर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए काम बंद करा दिया था। सड़क की साइड शोल्डर के उखड़ जाने तथा वाहनों की भार सहने योग्य नहीं होने पर ग्रामीणों ने गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों की मांग पर अधिकारी ने मौके के निरीक्षण किया जिसके बाद सड़क निर्माण गुणवत्ता में सुधार आया। लेकिन अब सड़क पर बिखरे मुरूम ने नई समस्या खड़ी कर दी है जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

### कई बार की जा चुकी है शिकायत

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बिखरे मुरूम पत्थर को व्यवस्थित करने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है बावजूद इसके आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। अधिकारियों के चुप्पी साध लेने से अब लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द उचित जांच और सुधार की मांग की है। अगर समय पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो अल्प अवधि में ही सड़क खराब हो जाएगी।

### रोलर से कराएंगे पिचिंग

साइड सोल्डर में मुरम का रोलर से पिचिंग कराएंगे। सड़क पर जो मुरूम बिखरे है उसे तत्काल नीचे कराकर पिचिंग का कराया जाएगा। मुरूम का पिचिंग होने के बाद परेशानी नहीं होगी।

-कंचन मंडल, सब इंजीनियर



# प्रसव पीड़ा से छटपटाती रही महिला, नहीं पहुंची एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

स्वास्थ्य केंद्र महुली में ताला लटकने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने 102 एवं 108 एम्बुलेंस के लिए परेशान रहें। परिजन द्वारा एम्बुलेंस के लिए फोन लगाने पर मध्यप्रदेश में लग रहा था। घंटों परेशान होने के बावजूद एम्बुलेंस की सेवा नहीं मिली तो परिजन ने किसी तरह निजी वाहन की व्यवस्था की।

दूरस्थ ग्राम बैजनपाट निवासी श्रीमती सोनमति गोड़ पति राम बिसाले गोड़ (22वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने 102 एवं 108 एम्बुलेंस को सूचना देने फोन लगाने घंटो परेशान रहे। फोन स्वास्थ्य केंद्र के बजाय मध्यप्रदेश में लग रहा था। दूरस्थ ग्राम बैजनपाट दूरसंचार की दृष्टि से पहुंचविहीन है। परिजन ने पहाड़ी पर चढ़कर भी फोन लगाया लेकिन बात नहीं हो सकी। अंत में परिजन निजी वाहन से पीड़िता को लेकर अस्पताल गए। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ.सुरेश कुमार मिश्रा ने कहा कि मामले में कोई भी कोई भी मदद नहीं कर सकता वहीं सीएमएचओ डॉ.कपिलदेव पैकरा ने बताया कि पहुंचविहीन क्षेत्र का मामला है। मैं देखता हूं।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने बिहान योजना हुई घोटाले की शिकार, पीआरपी ने किया लाखों का गबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने सरकार द्वारा शुरू की गई। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान घोटाले की भेंट चढ़ गई। इस बहुउद्देश्यीय योजना से महिलाएं तो आत्मनिर्भर नही हुई।लेकिन सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना बिहान योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इस योजना से पीआरपी ने बीते साल लाखों रुपये गबन कर लिया। इस बात का खुलासा होने के बाद अधिकारियों को पीआरपी से गबन की राशि वसूलने में पसीने छूट रहे है। बिहान योजना में गबन के बाद पीआरपी को हटाने के आदेश जारी होने के बाद भी अभी तक पद पर डटी हुई है। पीआरपी का अभी तक नही हटना विभागीय अधिकारियों की मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है।



विदित हो कि ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सशक्त बनाने स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने छतीसगढ़ सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना संचालित कर रही है। यह मिशन स्व सहायता समूहों के गठन वित्तीय समावेशन कौशल प्रशिक्षण एवं विपणन सहायता के जरिये ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने एवं स्वावलंबी बनाने का काम करती है। इस मिशन के जरिये महिलाओं को जोड़कर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की जगह इसे जुड़े लोग आत्मनिर्भर बनने लगे। आजीविका मिशन के तहत बिहान योजना से संलग्न सामुदायिक संस्थानों से लाखों रुपए गबन कर लिया गया। ग्राम भुषु में पदस्थ गंगा आजीविका संकुल स्तरीय संगठन की पीआरपी राजकिशोरी कुजूर ने 2022 से 2024 के बीच पांच ग्राम संगठनों से 5 लाख 90 हजार रुपए नियम विरुद्ध गबन कर लिया। इस बात का खुलासा जनपद पंचायत स्तर पर गठित जांच कमेटी द्वारा जांच के बाद हुआ। जांच में खुलासा होने के बाद मामला जिले के अधिकारियों तक पहुंचा। तब जाकर इसमे एक्शन हुआ और जिले के अधिकारी के दिशा निर्देश पर पीआरपी के विरुद्ध गबन राशि वसूलने की कार्रवाई शुरू की गई। सालों पूर्व पीआरपी द्वारा किए गए गबन की राशि वसूलने में अधिकारियों के पसीने छूट गए। काफी मशक्कत के बाद अधिकारियों ने पीआरपी से 3 लाख 63 हजार 9 सौ 99 रुपये वसूली की है। जिसे संकुल स्तरीय संगठन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम संगठनों को वापस किया गया। अभी भी गबन की राशि 2 लाख 26 हजार 1 रुपये वसूलना बाकी है। जिसको लेकर स्थानीय अधिकारी गंभीर नजर नही आ रहे है।

इस संबंध में सीईओ जनपद पंचायत जयगोविंद गुप्ता ने बताया कि पीआरपी से संबंधित मामला जिला पंचायत कार्यालय में विचाराधीन है। वहां से दिशा निर्देश जारी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन

**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल और रचनात्मक क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष 10 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप नियमित समर कैंप के अतिरिक्त आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस कैंप में छात्रों को आधुनिक तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग एवं रोबोटिक्स का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए नई दिल्ली से विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है, जो बच्चों को सरल एवं रोचक तरीके से सीखने का अवसर प्रदान करेंगे। कैंप में प्रत्येक छात्र को रोबोटिक्स किट उपलब्ध कराना, पूरी तरह प्रैक्टिकल एवं हैंड्स-ऑन लर्निंग, तथा तकनीकी अवधारणाओं की आधारभूत जानकारी शामिल है। कार्यक्रम 8 से 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन 2 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा।




# रीजनल वर्कशॉप में सेंधमारी लाखों के कॉपर तार की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के रीजनल वर्कशॉप में अज्ञात चोरों ने स्ट्रांग रूम में सेंधमारी कर लाखों रुपये के कॉपर तार और अन्य सामान पार कर दिया। घटना का खुलासा सोमवार सुबह तब हुआ, जब कर्मचारी कार्यस्थल पहुंचे और स्ट्रांग रूम में तोड़फोड़ सेंधमारी की घटना देखी।

जानकारी के अनुसार, स्टोर में रखे करीब तीन क्विंटल कॉपर वायर सहित अन्य महंगे उपकरण गायब पाए गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना उच्च प्रबंधन को दी, जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। गौरतलब है कि जिस स्थान पर चोरी हुई, वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होने का दावा किया जाता है। वर्कशॉप में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी भी रहती है। इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कर्मचारियों के बीच चर्चा है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन हर बार मामला दबा दिया जाता है।

कुछ कर्मचारियों ने इस घटना में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी जताई है। वहीं क्षेत्र में अवैध कबाड़ कारोबार के फिर से शुरू होने की भी चर्चा है, जिसके जरिए चोरी के सामान को खपाए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। कर्मचारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच, एफआईआर दर्ज करने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। घटना के बाद प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इतनी बड़ी घटना के बाद देर शाम तक प्रबंधन द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने से सुरक्षा विभाग की निष्क्रियता सामने आई है।

# पेट्रोल पंप कर्मचारी ने स्कूटी की टंकी फुल नहीं की तो युवती ने की पिटाई

**अम्बिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र में पेट्रोल की किल्लत इस कदर हो गई है अब पेट्रोल पंप ड्राई की स्थिति पहुंच गई है। ऐसे में पेट्रोल पंप संचालक वाहन सवार लोगों के लिए पेट्रोल पंप में एक निर्धारित राशि तक ही पेट्रोल देना शुरू कर दिए है। ऐसे में अब पेट्रोल पंप में मारपीट की स्थिति निर्मित होने लगी है। शनिवार को जब एक युवती पेट्रोल पंप में अपनी स्कूटी की टंकी फुल करने कहा तो कर्मचारी ने निर्धारित राशि तक ही पेट्रोल देने की बात कही जिससे दोनों के बीच न सिर्फ विवाद हुआ बल्कि युवती ने एक युवक के साथ मिलकर कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

- सीतापुर क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप ड्राई की स्थिति, मारपीट की नौबत

जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनतराई निवासी मनोहर दास आ. शिव कुमार दास सीतापुर स्थित एक पेट्रोल पंप में काम करता है। हर रोज की भांति शनिवार को ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान शाम लगभग 6.45 बजे उरांव पारा की सालू मिंज पेट्रोल डलवाने पहुंची और कर्मचारी मनोहर को अपनी स्कूटी में पेट्रोल टंकी फुल करने की बात कही। जिस पर मनोहर ने कहा कि पेट्रोल पंप मालिक बोला है कि पेट्रोल पंप में स्टॉक कम है और सभी ग्राहक को 2-2 सौ रुपए का पेट्रोल देना है। कर्मचारी ने जब टंकी फुल करने से मना किया तो युवती विवाद करने लगे जिसे देख मैनेजर मौके पर पहुंचा और सालू मिंज को समझाइश दी। जिस पर सालू मिंज ने दो सौ रूपए का पेट्रोल डलवाने के बाद गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। वहीं सालू के साथ आए युवक ने भी कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। कर्मचारी के साथ मारपीट करने पर संचालक व मैनेजर मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित कर्मचारी ने घटना की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बाबा साहेब के विचारों को अपनाएं : रामसेवक

**अम्बिकापुर।** डॉ.अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के अवसर पर भाजपा मंडल देवगढ़ के ग्राम खम्हरिया में भाजपा सरगुजा द्वारा जिला संगोष्ठी सममेलन एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रजवलित कर पुष्पाजंलि अर्पित की। मुख्य अतिथि वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा व भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के साथ रामलखन पैकरा, कार्यक्रम संयोजक मधुसूदन शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य राधा रवि और मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक सिंह ने सम्मेलन को संबोधित किया। वन विकास निगम क अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर संविधान निर्माता के रूप में भारतीय समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मूलमंत्र प्रदान करने वाले महान व्यक्तित्व थे। बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए हमें सामाजिक समरसता को मजबूत करना होगा। जातिवाद की दीवारें तोड़कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का निर्माण ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि डॉ.अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक है और भाजपा इन्हें अपनी नीतियों में उतार रही है। कार्यक्रम में जन्मेजय मिश्रा, मनोज कंसारी, निशांत सिंह सोलू, कमलेश जायसवाल, त्रिलोचन सिंह, शंकर रवि, रामनंदन सिंह, नरहरि, पन्नालाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर महामना मालवीय मिशन द्वारा मालवीय भवन में श्रीमद्भगवद्गीता के तेरहवें अध्याय का सामूहिक पाठ एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम के जीवन-दर्शन के साथ-साथ शरीर और आत्मा के रहस्य पर प्रकाश डाला।




कार्यक्रम में वक्ताओं ने विशेष रूप से गीता के तेरहवें अध्याय क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ विभाग योग की दार्शनिक गहराइयों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। ललित मोहन तिवारी ने कहा कि मानव जीवन का सबसे बड़ा प्रश्न सदैव यही रहा है कि मनुष्य वास्तव में क्या है, क्या वह केवल शरीर है या उससे परे कोई शाश्वत तत्व भी विद्यमान है। उन्होंने बताया कि इस प्रश्न का उत्तर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेशों में मिलता है। इसी क्रम में भगवान परशुराम के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालते हुए राम नारायण शर्मा ने कहा कि केवल शक्ति और पराक्रम के प्रतीक नहीं, बल्कि धर्म-संरक्षण, न्याय और तपस्या के अद्वितीय आदर्श हैं। परशुराम का जीवन यह सिखाता है कि जब-जब समाज में अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब सजग और संयमित शक्ति का प्रयोग आवश्यक हो जाता है। उनका तप, त्याग और गुरु-परंपरा के प्रति समर्पण यह दर्शाता है। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने स्पष्ट किया कि गीता के अनुसार यह शरीर क्षेत्र है, जहाँ जीवन की सभी क्रियाएं घटित होती हैं। ब्रह्म शंकर सिंह ने कहा कि प्रत्येक शरीर में आत्मा विद्यमान है, किंतु समस्त प्राणियों में व्याप्त परम चेतना ही परमात्मा है। राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि गीता का यह अध्याय ज्ञान के गुणों को भी स्पष्ट करता है। प्रकाश कश्यप ने कहा कि मनुष्य का दुःख इस भ्रांति से उत्पन्न होता है कि वह स्वयं को केवल शरीर मान लेता है, जबकि आत्मा शाश्वत और अविनाशी है। जयप्रकाश चौबे ने बताया कि जब मनुष्य इस सत्य को आत्मसात कर लेता है, तब उसके जीवन में समत्व और शांति का भाव विकसित होता है। डॉ. जीके अग्रवाल ने कहा कि यह अध्याय प्रकृति और परमात्मा के संबंध को समझने की प्रेरणा देता है, जबकि अशोक सोनकर ने इसे मोक्ष का मार्ग बताया। सच्चिदानंद पांडेय ने कहा कि यह मनुष्य को शरीर की सीमाओं से ऊपर उठकर आत्मा की शाश्वत चेतना को पहचानने की प्रेरणा देता है।

